an>

Title: Regarding illegal sand mining in Mishrikh Parliamentary Constituency.

श्रीमती अंजू बाला (मिश्रिख) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र मिश्रिख की ओर आकर्षित करना चाहती हूं जहां से होकर गंगा व गोमती नदियां बहती हैं। इन नदियों से बालू माफिया अवैध तरीके से बालू का खनन करके लाखों के राजस्व को नुकसान पहुंचा रहे हैं तथा पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। बालू खनन माफियाओं द्वारा मिश्रिख तहसील में गोमती नदी से फूलपुर, झरिया, अजीजपुर, बरगदिया, तेरवा घाट, बरेठी, दधनामऊ तथा बिलग्राम तहसील में गंगा नदी से छिबरामऊ, मेहंदीघाट आदि स्थानों से रात के अंधेरे में बालू का खनन किया जा रहा है। अवैध खनन के कारण राजस्व तथा पर्यावरण को नुकसान तो होता ही है साथ ही इन नदियों के किनारे स्थित खेत भी गड्ढों में परिवर्तित होते जा रहे हैं।

मैं सरकार से मांग करती हूं कि इन बालू माफियाओं के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करके अवैध बालू खनन पर रोक लगाई जाए जिसके कारण प्रत्येक महीने हो रहे राजस्व के नुकसान तथा पर्यावरण को बचाया जा सके।